# HAMARI HINDI SSC PUBLIC EXAMINATIONS (2023-24)

## SECOND LANGUAGE – HINDI

### MODEL PAPER – 3

**CLASS: X** (MAX.MARKS:100) **TIME: 3:15 mints**

**भाग—1**

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। 12 x 1= 12**

1. श्रावण के मेघ बरसते हैं। सावन की प्रकृति सुंदर होती है।(रेखांकित शब्द का तद्भव रूप पहचानिए।)
2. अचानक प्रो. विकास की नज़र एक वस्तु पर पड़ी । (क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए।)
3. **एक हजार आठ सौ अस्सी** - संख्याओं में लिखिए।
4. पहाडियों ___ अपने-अपने गीत हैं ।(सही कारक चिह्न पहचानिए।)

| के | से | का |
|---|---|---|

5. भारतवासी इस जगह गंगाजल के आधे कलश गोदावरी में उँडेलते हैं । (रेखांकित शब्द का समास पहचानिए।)
   i) द्वंद्व समास ii) तत्पुरूष समास
6. ये गुण आपको **निस्संदेह** आदर्श नागरिक बनायेंगे। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।)
7. वैज्ञानिक। (अर्थ पहचानिए)
   i) विज्ञान संबंधी खोज करने वाला ii) विज्ञान से नाश करने वाला
8. वह अंतरिक्ष यान उनकी आँखों से ओझल हो गया। (रेखांकित मुहावरे का अर्थ क्या है।)
   i) अंतरिक्ष यान ii) ओझल होना
9. अध्यापक पाठ पढ़ाते हैं। (लिंग बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए।)
10. छात्र पौधा लगाता है। (वचन बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए।)
11. मोहन हैदराबाद जाता है। (वाक्य को भविष्यत काल में बदलकर लिखिए।)
12. तुम पाठशाला जाते हूँ। (शुद्ध रूप में लिखिए।)

**भाग-2**

**II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए।**

**13. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर जवाब अनुच्छेद में पहचानकर लिखिए। 5 x 1= 5**

मेरा बच्चा! अम्मा के लिए चिमटा लाया है। हज़ारों दुआएँ देती रहेंगी। फिर पड़ोस की औरतों को दिखाएँगी। सारे गाँव में चर्चा होने लगेगी। हामिद चिमटा लाया है। कितना अच्छा लड़का है। बडों की दुआएँ सीधे अल्लाह के दरबार में पहूँचती हैं और तुरंत सुनी जाती हैं। हामिद ने दुकानदार से पूछा, 'यह चिमटा कितने का है?'

1. 'दार' प्रत्यय वाला शब्द पहचानकर लिखिए ?
2. 'सभा' शब्द का अर्थ पहचानकर लिखिए ?
3. 'शहर' शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ?
4. 'कितना अच्छा लड़का है।' इस वाक्य में विशेषण को पहचानकर लिखिए ?
5. 'यह चिमटा कितने का है?' इस वाक्य में संज्ञा को पहचानकर लिखिए ?

**14. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के जवाब विकल्पों से चुनकर लिखिए। 5 x 1= 5**

मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे।
सत्य, अहिंसा, त्याग, समर्पण की बगिया महकायेंगे।।
जग के सारे क्लेश मिटाकर, धरती को स्वर्ग बनायेंगे।
विश्वबंधुत्व का मूल मंत्र हम, दुनिया में सरसायेंगे।।

1. मन में कौन से अद्भुत दृश्य दिखायेंगे ? ( )

   A) श्रद्धा और सत्य B) श्रद्धा और प्रेम C) सत्य और प्रेम D) श्रद्धा और त्याग

हमारी हिंदी

2. जग के सारे क्लेश मिटाकर धरती को क्या बनायेंगे ? ( )

A) स्वर्ग B) नरक C) भूमि D) आकाश

3. दुनिया में किस मूल मंत्र को सरसायेंगे ? ( )

A) विश्वशांति B) विश्वयुद्ध C) विश्वबंधुत्व D) विश्वशत्रुत्व

4. धरती शब्द का अर्थ क्या है ? ( )

A) आसमान B) दुनिया C) विश्व D) भूमि

5. इस पद्यांश के कवि का नाम क्या है ? ( )

A) आर.पि.निशंक B) प्रेमचंद C) सुमित्रानंदन पंत D) रैदास

**15. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के जवाब एक वाक्य में लिखिए। 5 x 1= 5**

कानूनन बाल मज़दूरी करवाना एक अपराधी है। इस दशक के अंत तक हमें इसे जड़ से समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारतीय संसद ने भी संविधान संसोधन अधिनियम **2002** के माध्यम से **6** से **14** वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा पाने के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में घोषित कर दिया गया।

1. शिक्षा पाने के अधिकार को किसके रूप में घोषित किया ?
2. कितने वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा पाने का अधिकार है ?
3. कानूनन में क्या करवाना एक अपराध है ?
4. भारतीय शब्द में प्रत्यय क्या है ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

**16. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के जवाब एक वाक्य में लिखिए । 5 x 1= 5**

इसलिए हम इसकी सिर्फ़ थोड़ी–सी मात्रा अपने ग्रह पर ले जा रहे हैं। हमारे ग्रह के जल में एक विशेष प्रकार के विषाणुओं के मिल जाने के कारण वह ज़हरीला हो गया है। उसके उपयोग से हमारे ग्रह पर महामारी फैल गयी है, जिससे वहाँ के लोग मरने लगे हैं। जल को विषहीन बनने में समय लगेगा।

**1. वे अपने ग्रह पर क्या ले जा रहे हैं ? ( )**

A) अमृत B) ज़हर C) जल D) कोई नहीं

**2. ग्रह के जल में क्या मिल गया है ? ( )**

**A) ज़हर B) अमृत C) विषाणु D) गंदगी**

**3. किसको विषहीन बनने में समय लगेगा ? ( )**

A) ग्रह B) भूमि C) आकाश D) जल

**4. 'ज़हरीला' शब्द में प्रत्यय क्या है ? ( )**

**A) इला B) आ C) रीला D) ईला**

**5. इस गद्यांश का लेखक कौन है ? ( )**

A) आर.पि.निशंक B) श्री प्रकाश C) प्रेमचंद D) दिनकर

## भाग–3

**III. सूचना के अनुसार निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये । 2 x 4= 8**

**17.** जोड़ी बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| (A) सुमित्रानंदन पंत | श्रृंगार सोरठ | ( ) |
| (B) रामधारी सिंह दिरकर | कृष्णोपासक | ( ) |
| (C) मीराबाई | 1908-1974 | ( ) |
| (D) रहीम | छायावादी कवि | ( ) |

**18. निम्न जानकारी पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

प्रेमचंद का जन्म एक ग़रीब घराने में काशी में 31 जुलाई, 1880 को हुआ। इनके बचपन का नाम धनपत राय श्रीवास्तव था। इन्होंने ट्यूशन पढ़ाते हुए मैट्रिक तथा नौकरी करते हुए बी.ए. पास किया। इन्होंने लगभग एक दर्जन उपन्यास और तीन सौ से अधिक कहानियों की रचना की। इन्हें "उपन्यास सम्राट" भी कहा जाता है। इनकी कहानियाँ मानसरोवर शीर्षक से आठ खंडों में संकलित हैं।

1. एक गरीब घराने में ---------------का जन्म हुआ।
2. प्रेमचंद बचपन का नाम ----------------था।
3. ---------------को उपन्यास सम्राट भी कहा जाता है।
4. प्रेमचंद की कहानियाँ ---------------शीर्षक से संकलित है।

## भाग–4

**IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर 3 या 4 वाक्यों में लिखिए।** **8 x 3 = 24**

**19. फिर-फिर आये जीवन में सावन मनभावन । ऐसा क्यों कहा गया होगा ?**

**20. हमारे जीवन में भक्ति भावना का क्या महत्व है ?**

**21. लोकगीत किसे कहते हैं ? ये गीत किन बाजों की मदद से गाये जाते हैं ?**

**22. स्वराज्य की नींव का क्या तात्पर्य है ?**

**23. लेखक को गोदावरी का जल कैसा लगा होगा ?**

**24. प्रार्थना करनेवाले होठां कहीं अच्छे सहायता करनेवाले हाथ है। भाव स्पष्ट कीजिए ?**

**25. राजू को उसका पुराना स्कूल कैसा लगता था ?**

**26. अकाल की समस्या का निवारण के लिए राजा ने क्या-क्या उपाय सोचे होंगे ?**

## भाग–5

**V.** निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

**27. किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 वाक्यों में लिखिए।** **1 x 10= 10**

**अ). जीवन की सफलता का मार्ग श्रम है। कण-कण का अधिकारी कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।**

**(या)**

**आ). बिहारी के दोहे नीतिपरक और उपदेशात्मक है। उनके दोहों के भाव अपने शब्दों में लिखिए।**

**28.** किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए। **1 x 10= 10**

**अ) बड़े-बुजुर्गों के प्रति आदर भाव रखना है। ईदगाह कहानी के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।**

**(या)**

**आ) टेसी थॉमस अब्दुल कलाम को अपना आदर्श मानती है। क्यों ?**

## भाग-6

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

**29.** किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। **1 x 8= 8**

**अ) अपनी पाठशाला में मनायी गयी वार्षिकोत्सव का वर्णन करते मित्र को पत्र लिखिए।**

**(या)**

**आ) किसी कॉलेज में प्रवेश पाने हेतु प्राचार्य के नाम पत्र लिखिए।**

**30.** संकेत शब्दों के आधार पर निम्न दिये गए शब्दों में से सही शब्दों को चुनकर किसी एक निबंध के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **1 x 8= 8**

अ) आदर्श विद्यार्थी

(जीवन, अध्ययन, आदर्श, उत्तम, घर, माता पिता, अध्यापकों, सद्गुणों, समय, अनुशासन, खेलकूद, स्वास्थ्य, कल, देश, नागरिक, उन्नति ।)

मानव____ में विद्यार्थी दशा____ मानी जाती है। विद्या का ____ करने वाला विद्यार्थी है। दूसरों के लिए आदर्श के रूप में रहने वाला ____विद्यार्थी कहलाता है। आदर्श की नींव____ में ही होती है। बच्चों को आदर्शवान बनाने का दायित्व ____ संरक्षक और____ पर है। आदर्श विद्यार्थी ____ का पालन करता है। वह ____ का सदुपयोग करता है। वह ____ युक्त जीवन बिताता है। आदर्श विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ____ और____ पर ध्यान देता है। आज का विद्यार्थी ___का ___ है। विद्यार्थियों पर ही ___ की___ निर्भर है।

(या)

आ) पुस्तकालय

(जीवन, मित्र, कई, पुस्तकें, आत्मा, आलय, निजी, समय, महत्व, पुस्तकालय, सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान, विद्यार्थी, देश, शुभ ।)

हमारे ____में पुस्तकालय का बड़ा ___है। पुस्तक और ____दो शब्दों से ____ बना है । पुस्तकालय___ प्रकार की होती है।जैसे सार्वजनिक पुस्तकालय,____ पुस्तकालय विद्यालय पुस्तकालय आदि । पुस्तकालय में विभिन्न प्रकार की ____ संग्रह करके रखी जाती है। पुस्तकालय को विद्यालय की ____ माना जाता है। इससे ____ अपने ____ की वृद्धि कर सकते हैं। पुस्तकालय से ____का सदुपयोग होता है। इससे हम अपनी प्राचीन____और ____ को जान सकते हैं। पुस्तक अच्छे ____ के समान जीवन भर काम आती हैं। पुस्तकालय ____की उन्नति का ____सूचक है।

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

SCAN THIS CODE